ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 13.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर के मुख्य बाजार के मण्डी मोड़ पर कई वर्षो से जलभराव की जटिल समस्या का नगर निगम द्वारा कराया गया निस्तारण।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 13.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 13.06.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर_अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा नगर के मुख्य बाजार के मण्डी मोड़ पर कई वर्षो से हा रही जलभराव की जटिल समस्या का निस्तारण कराया गया। मण्डी मोड़ पर कई वर्षो से हो रही जलभराव की समस्या को स्थानीय लोगो के सहयोग के माध्मय से एवं अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह व मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान की उपस्थिति में जलभराव की समस्या का निराकरण कराया गया। इसके साथ ही उक्त स्थल पर लोगो द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटवाकर पानी की निकासी व्यवस्था सुचारु रुप से करायी गई। अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह नगर की मुख्य समस्याओ में से एक थी, जिसका स्थानीय लोगों के सहयोग से समस्या का निस्तारण करा दिया गया है।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 13.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, दिलाजाक, महमदं जलालनगर, लोधीपुर, तारीन जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा खिरनीबाग चौराहा, ककरा, घण्टाघर, लाल इमली चौराहा, अम्बेडकर पार्क, अंटा चौराहा, सदर बाजार, चमकनी करबला एवं आसपास की गलियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा बेरी चौकी, मोहम्मदजई, छः कुऑ, मण्डी रोड, कोतवाली, सुनहरी मस्जिद, अंजान चौकी, मिशन स्कूल में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगंज रैन बसेरा, अब्दुल्लागंज, मघई टोला, जियाखेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा गड़ी गाडीपुरा, सराय काईया, तारीन गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 8665 स्थलों एवं 600 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 13.06.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 13.06.2021 को सफाई जोन–1 में एमनजई जलालनगर में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में बहादुरगंज एवं मामुड़ी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 सुनहरी मस्जिद से बैंक ऑफ बडौदा तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई एवं घूरन तलैय्या में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।